सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति–2**

**राजभवन देहरादून 12 जनवरी, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल, माघ एवं बिहू के पर्व पर देश और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं और उनके जीवन में सुख, समृद्धि, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराएं हमें आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देती हैं। यह पर्व हमारे जीवन में ऊर्जा, उल्लास और नई आशाओं का संचार करते हैं साथ ही हमारी संस्कृति और प्रकृति के बीच गहरे संबंध को भी दर्शाते हैं। राज्यपाल ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि इन पर्वों को हर्षोल्लास और आपसी सद्भाव के साथ मनाएं और समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करें।

............0............